
देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 142 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...बड़े बदलाव की जरूरत



# पेज श्री

देहरादून, शुक्रवार, 4 सितंबर 2020



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 23.0° | 38842.51

2 ऐप बैन करने पर भड़का चीन | 7 मेहनत और बोलिंग दबा के करते रहो

# थम नहीं रही कोरोना की रफ्तार

## ऐक्टिव केसों से 3.5 गुना कोरोना मरीज हुए रिकवर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के लगातार बढ़ते मामलों के बीच कोरोना टेस्टिंग में भी भारी बढ़ोतरी हो रही है। अच्छी बात यह है कि देश में ऐक्टिव केस से करीब साढ़े तीन गुना अधिक लोग कोरोना से रिकवर हो चुके हैं। देश के 62 प्रतिशत ऐक्टिव केस सिर्फ 5 राज्यों से हैं। वायरस का संक्रमण बढ़ता ही जा रहा है। बीते 24 घंटे में रेकॉर्ड 83 हजार से ज्यादा नए मामले सामने आएं हैं। यह एक दिन में दुनिया में सबसे ज्यादा केस का रेकॉर्ड है। कोविड–19 से होने वाली मौतों ने भी परेशान किया है। देश के प्रमुख अस्पताल ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज कोविड –19 के कारण हुई मौतों पर एक अलग ऐंगल से जांच कर रहा है। इसका नाम हाइपोक्सिया है। हाइपोक्सिया या हैप्पी हाइपोक्सिया एक ऐसी

■देश में रिकवर केसों की संख्या इस समय 29.70 लाख से अधिक पहुंची

स्थिति है जिसमें शरीर या शरीर के किसी विशेष हिस्से को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलती है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि देश में रिकवर केसों की संख्या इस समय 29.70 लाख से अधिक है जो कि ऐक्टिव केसों की तुलना में 3.5 गुना ज्यादा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सेक्रेटरी राजेश भूषण ने बताया कि बीते 24 घंटों में 11 लाख से अधिक कोरोना टेस्ट किए गए हैं, कुल कोरोना टेस्टिंग की संख्या साढ़े चार करोड़ से ज्यादा हो गई है। वहीं एक दिन में 68,584 मरीज रिकवर हुए हैं, जो कि अब तक सबसे ज्यादा हैं। देश में कुल ऐक्टिव केसों में 62 प्रतिशत सिर्फ 5 राज्यों से हैं। ये राज्य तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र हैं।

### 70 प्रतिशत मौतें सिर्फ 5 राज्यों से

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सेक्रेटरी राजेश भूषण ने बताया कि देश में कोरोना की वजह से हुई कुल मौतों के 70 प्रतिशत मरीज आंध्र प्रदेश, दिल्ली, कर्नाटक, तमिलनाडु और महाराष्ट्र से थे। वहीं बात करें साप्ताहिक ऐक्टिव केसों में कमी की तो आंध्र प्रदेश में 13.7 प्रतिशत, कर्नाटक में 16.1 प्रतिशतकी कमी, महाराष्ट्र में 6.8 प्रतिशत की कमी और तमिलनाडु में 23.9 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश में 17.1 प्रतिशत की कमी आई है। देश में कोरोना के कुल मामलों की संख्या 38,53,407 तक पहुंच गई है। ऐक्टिव मामलों की संख्या बढ़कर 8,15,538 हो गए हैं। हालांकि रिकवर होने वाले मरीजों की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है।



राजेश भूषण (केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सेक्रेटरी)

**ग्रुप में जरूर पहनें मास्क:** स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि रोज पॉजिटिव मामलों की संख्या बढ़ रही है। इसे कुल जनसंख्या के संदर्भ में देखना होगा। सरकार ने अर्थव्यवस्था को खोलने का एक वर्गीकृत तरीका अपनाया है, जिसमें पर्याप्त टेस्टिंग कैपिसिटी, क्लिनिकल ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल के स्पष्ट दिशानिर्देश और अस्पताल के बुनियादी ढांचे को बढ़ाया जाना सुनिश्चित किया गया है। भूषण ने कहा कि अगर लोग ग्रुप में साइकलिंग कर रहे हैं, रनिंग या जॉगिंग कर रहे हैं तो उन्हें मास्क पहनना चाहिए और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना चाहिए।

**भारत में कोरोना डेथ रेट सबसे कम:** स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि दुनिया के अन्य देशों की तुलना में भारत में प्रति मिलियन कोरोना पॉजिटिव केस बहुत कम हैं। भारत में प्रति मिलियन मौतें भी दुनिया में सबसे कम है। भारत में प्रति 10 लाख लोगों पर 49 लोगों की मौत हो रही है।

# पीएम की पर्सनल वेबसाइट का ट्विटर अकाउंट हैक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पर्सनल वेबसाइट का ट्विटर अकाउंट हैक कर लिया गया है। हैकर ने कोविड–19 रिलीफ फंड के लिए डोनेशन में बिटकॉइन की मांग की। हालांकि तुरंत ये ट्वीट्स डिलीट कर दिए गए। पीएम मोदी की पर्सनल वेबसाइट का ट्विटर अकाउंट पर पर एक मैसेज में लिखा गया, मैं आप लोगों से अपील करता हूं कि कोविड–19 के लिए बनाए गए पीएम मोदी रिलीफ फंड में डोनेट करें।

एक और ट्वीट में हैकर ने लिखा, यह अकाउंट जॉन विक ने हैक किया है। हमने पेटीएम मॉल हैक नहीं किया है। हालांकि अब ये ट्वीट डिलीट कर दिए गए हैं। बता दें, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पर्सनल वेबसाइट का ट्विटर अकाउंट है, उसके 25 लाख से ज्यादा फॉलोवर्स हैं।

ट्विटर ने भी गुरुवार को पुष्टि करते हुए कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निजी वेबसाइट के एक खाते को कई ट्वीट्स के साथ हैक किया गया। ट्विटर ने कहा कि उसे इस मामले की जानकारी है और उसने खाते को सुरक्षित करने के लिए कदम उठाए हैं। ट्विटर प्रवक्ता ने अपने बयान में कहा कि हम स्थिति की सक्रिय रूप से जांच कर रहे हैं। इस समय, हमें अतिरिक्त खातों के प्रभावित होने की जानकारी नहीं है।

**मांग**

कोविड–19 रिलीफ फंड के लिए डोनेशन में बिटक्वॉइन की मांग

### पेटीएम मॉल के डेटा चोरी में आया था जॉन विक ग्रुप का नाम

पेटीएम मॉल के डेटा चोरी में जॉन विक ग्रुप का ही नाम आया था। साइबर सिक्योरिटी फर्म साइबल ने 30 अगस्त को दावा किया था कि जॉन विक ग्रुप ने पेटीएम मॉल का डेटा चोरी किया। साइबल ने दावा किया था कि इस हैकर ग्रुप ने फिरौती की मांग की थी। हालांकि पीटीएम दावों को खारिज करते हुए कहा कि डेटा में सेंधमारी जैसी कोई घटना नहीं हुई।

# भारत–चीन तनाव के बीच लद्दाख पहुंचे आर्मी चीफ

## लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर हलचल बढ़ने के साथ ही दौरे तेज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। चीन से लगी सीमा पर तीनों सेना प्रमुखों की पैनी नजर है। भारत और चीन के बीच 29–30 अगस्त की रात हुई झड़प के वायुसेना प्रमुख ने पहली बार सीमावर्ती हवाई ठिकानों का दौरा किया। एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया बुधवार को पूर्वी वायु कमान की तैयारी का जायजा लेने गए थे।

एयरबेसेज पर मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों ने वायु सेना प्रमुख को लड़ाकू इकाइयों के ताजा हालात और उनकी तैयारियों के बारे में बताया। इस दौरान उन्होंने कई एयर वॉरियर्स के साथ बातचीत की। अगले दिन, थल सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे लेह पहुंच गए। अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान सेना प्रमुख उन सैनिकों की तैयारियों की भी समीक्षा करेंगे, जो बीते तीन महीने से चीनी सैनिकों के खिलाफ मोर्चा संभाले हुए हैं।

पूर्वी लद्दाख में पैंगोंग झील के दक्षिणी किनारे पर चीनी और भारतीय सैनिकों के बीच हुए ताजा टकराव से तनाव बढ़ा हुआ है। दोनों देशों के बीच गतिरोध कम करने को लेकर बीते दो दिनों से लगातार ब्रिगेड कमांडर स्तर की वार्ता हो रही है। हालांकि, इस बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकल सका है। यानी घटना के चार दिन के भीतर दो शीर्ष अधिकारी लद्दाख हो आए हैं। उन्हें हालात का बखूबी अंदाजा है और उन्हीं के इनपुट्स पर सरकार आगे की रणनीति तय करेगी।

### सारे लड़ाकू विमान हैं तैयार

पिछले तीन महीनों में, भारतीय वायुसेना ने अपने सभी प्रमुख लड़ाकू विमान, जैसे– सुखोई 30 एमकेआई, जगुआर और मिराज 2000 विमान बॉर्डर एरियाज के पास तैनात किए हैं। आईएएफ ने पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में रात के समय हवाई गश्त कर चीन को साफ तौर पर यह संदेश दिया कि वह पहाड़ी क्षेत्र में किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। एयरफोर्स ने अपाचे लड़ाकू हेलीकाप्टरों के साथ–साथ फारवर्ड पोजिशंस तक सैनिकों को पहुंचाने के लिए चिनूक हेवी–लिफ्ट हेलिकॉप्टर्स को भी तैनात किया है।

**बॉर्डर पर स्पेशल फोर्सेज भी तैनात:** पैंगोंग झील के दक्षिणी तट पर चीन की नापाक हरकत को भारत के मुस्तैद जवानों ने असफल कर दिया। उस इलाके के सभी स्ट्रैटीजिक पॉइंट्स पर अपनी पैठ मजबूत कर ली है। अब अगर चीन ने जरा भी आगे बढ़ने की कोशिश की तो उसे बेहद मुश्किल चुनौती से निपटना होगा। भारत ने स्पेशल फोर्सेज को भी मैदान में उतार दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कुलभूषण जाधव का वकील नियुक्त करने का भारत को मिले एक और मौका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के एक हाई कोर्ट ने गुरुवार को सरकार को निर्देश दिया है कि भारत को कुलभूषण जाधव के लिए वकील नियुक्त करने का एक और मौका दिया जाए। इसके साथ ही केस की सुनवाई एक महीने के लिए टाल दी गई है। रिटायर्ड नौसैनिक अधिकारी जाधव पाकिस्तान की जेल में जासूसी के आरोप में बंद हैं और मौत की सजा के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दाखिल करने के लिए वकील की नियुक्त के मामले पर सुनवाई चल रही है।

### कंगाना का बड़ा आरोप शिवसेना के संजय राउत ने दी मुंबई न आने की धमी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुबंई। कंगना रनौत बॉलिवुड में नेपोटिज्म और इंडस्ट्री के ड्रग लिंक पर लगातार बोल रही हैं। बीते दिनों उन्होंने सुरक्षा मिलने के नाम पर कहा था कि उन्हें मुंबई पुलिस से ज्यादा खतरा है। अब कंगना का आरोप है कि शिव सेना लीडर संजय राउत ने उन्हें मुंबई वापस न लौटने की धमकी दी है। बता दें कि कंगना इस वक्त अपने होमटाउन में हैं। कंगना ने ट्वीट किया है, शिव सेना लीडर संजय राउत ने मुझे खुली धमकी दी है और मुझसे कहा है कि मुंबई वापस न आऊं, मुंबई की गलियों में आजादी ग्रैफिटी और अब खुली धमकी, मुंबई पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर जैसी फीलिंग क्यों दे रहा है?

### सुनवाई पूरी होने तक एनपीए नहीं बनेंगे बैंक खाते: सुको

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मोरेटोरियम पीरियड के दौरान ब्याज पर ब्याज लगाए जाने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को भी सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने लोन मोरेटोरियम की अवधि बढ़ाने के मामले में कहा है कि बैंकों ने किश्तों की अदायगी में छूट के चलते 31 अगस्त तक जो लोन खाते एनपीए घोषित नहीं किए हैं वह इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी होने तक एनपीए नहीं होगें। अगली सुनवाई दस सितंबर को होगी।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# तो अक्साई चिन में मोर्चा खोल रहा चीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत ने लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर बॉर्डर को सेफ रखने वाले मोड में आ गई है। पैंगोंग झील के दक्षिणी किनारे पर मुंह की खाने के बाद चीनी सेना के जवाबी ऐक्शन की पूरी संभावना है। पीएलए ने चुशूल सेक्टर में आक्रामक रुख दिखाया है। इसके अलावा अब उसका फोकस अक्साई चिन इलाके की तरफ जाता लग रहा है। पिछले कुछ दिनों में वहां पीएलए एयरफोर्स की खासी हलचल नोटिस की गई है। जवाब में भारत ने भी ऐडिशनल फोर्स, हथियार, गोला–बारूद जुटा लिया है।

### देपसांग–चूमर में सेना ने भेजी खास टुकड़ी

**देपसांग और चूमर पर फोकस** भारतीय सेना ने देपसांग के मैदानी इलाकों के पास चीनी फोर्सेज की मौजूदगी देखते हुए खास तैनाती की है। वहां पर हथियारबंद और मशीन के मिक्स वाले खास लड़ाकू समूह को तैनात किया गया है। चूमर में भी पीएलए के मुकाबले में स्पेशल ग्रुप भेजा गया ताकि चीनी सेना को साफ संदेश मिले कि भारत एक इंच जमीन देने को तैयार नहीं है। देमचोक और चूमर इलाके में भारत की पकड़ मजबूत हे।